डिजिटल मीडिया सेक्शन को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सुशासन दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान सूचना, जन संपर्क और भाषा विभाग (डीआईपीआरएल) के डिजिटल मीडिया सेक्शन को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- यह पुरस्कार सरकारी योजनाओं के प्रसार में उल्लेखनीय भूमिका निभाने और फैक्ट चेक अकाउंट्स के ज़रिये फर्जी खबरों पर अंकुश लगाने के लिये प्रदान किया गया। इस अवसर पर डिजिटल मीडिया सेक्शन के इंचार्ज (सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी) आदित्य चौधरी और सहायक प्रबंधक अरविंद कुमार ने मुख्यमंत्री से पुरस्कार प्राप्त किया।
- गौरतलब है कि सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा डिजिटल मीडिया सेक्शन बनाया गया है ताकि सरकार से संबंधित आवश्यक सूचना, नवीनतम योजनाओं की जानकारी और अधिसूचनाओं की जानकारी प्रभावी और प्रामाणिक माध्यम से लोगों तक समय पर पहुँचे।
- विदित है कि डिजिटल मीडिया सेक्शन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रेरक नेतृत्व में तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रधान सचिव अनुराग अग्रवाल और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल के सक्षम और निरंतर मार्गदर्शन में काम कर रहा है।
- डिजिटल मीडिया सेक्शन की ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब सहित 11 प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रभावशाली उपस्थिति है। यह सेक्शन फर्जी समाचारों एवं सूचनाओं की जाँच करके अपने फैक्ट चेक अकाउंट के माध्यम से तुरंत प्रतिक्रिया देता है और सरकारी योजनाओं से संबंधित सूचनाओं का प्रसार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digital-media-section-got-state-level-award